संख्या–cm-548
**05/12/2022**

# 'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री, 79 लोगों की सुनी समस्यायें, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

पटना, 05 दिसम्बर 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज 4, देशरत्न मार्ग स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय परिसर में आयोजित 'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम में शामिल हुए। 'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे 79 लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए।

आज 'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम में सामान्य प्रशासन विभाग, गृह विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, निगरानी विभाग, खान एवं भू–तत्व विभाग, निर्वाचन विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग एवं संसदीय कार्य विभाग से संबंधित मामलों पर सुनवाई हुयी।

'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम में सुपौल जिला से आयी महिला ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेहनत–मजदूरी करके बड़ी मुश्किल से पैसा इकट्ठा करके साढ़े सात डिसमिल जमीन हमने लिया था। रजिस्ट्री हो गई है, दाखिल–खारिज हो गया है उसके बाद भी गांव के दबंग की बहन ने जबरदस्ती मेरी जमीन को हड़प लिया है। जब भी अपनी जमीन मांगने के लिए जाते हैं तो मारपीट करती है। वहीं सुपौल जिला से आए एक अन्य फरियादी ने कहा कि उनकी जमीन को तीन साल से अवैध तरीके से लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को जांचकर समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

सुपौल जिला से आए एक अन्य फरियादी ने मुख्यमंत्री से शिकायत करते हुए कहा कि प्राथमिक विद्यालय की भूमि को जिस व्यक्ति ने दान दिया था उन्हीं के द्वारा स्कूल की दान की हुई भूमि पर मकान का निर्माण कराया जा रहा है। रोहतास जिला से आए एक युवक ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि उनके पिता की वर्ष 2016 में मृत्यु होने के बाद उनकी पुश्तैनी जमीन को कुछ लोगों ने कब्जाकर घेराबंदी कर लिया है। अब तक किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मुख्यमंत्री ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बांका जिला से आये एक वृद्ध ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि उनकी जमीन को कुछ दबंगों द्वारा अतिक्रमित कर लिया गया है। अपनी जमीन को उनलोगों से छोड़ने के लिए कहता हूं तो जान से मारने की धमकी देते हैं। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

अररिया जिला से आए एक युवक ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि उसके बहनोई की हत्या कर दी गई और मामला दर्ज नहीं किया गया। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बक्सर जिला से आए एक फरियादी ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि 16 एकड़ 56 डिसमिल बेनामी भूमि को अंचलाधिकारी द्वारा गलत तरीके से नामान्तरण किया गया है, जिस आदमी के नाम पर

नामांतरण किया गया है उसका इस जमीन से कहीं कोई ताल्लुकात नहीं है और दाखिल खारिज कर दिया गया है। अंचलाधिकारी से इसकी शिकायत की गई, मगर दबंगों के दबाव में कोई कदम नहीं उठा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

लखीसराय जिला से आए एक युवक ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि उसके निजी जमीन पर दबंगों द्वारा जबरन कब्जा कर लिया गया है। थाना से मिलकर मेरे जमीन पर धारा 144 लागू करवा दिया गया है। मुख्यमंत्री ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

किशनगंज जिला से आए एक युवक ने मुख्यमंत्री से फरियाद करते हुए कहा कि सरकारी जमीन को जबरदस्ती कब्जा किया जा रहा है। राजस्व कर्मचारी सरकारी जमीन का ऑनलाइन जमाबंदी करते हैं। इस संबंध में हमलोगों ने आवेदन दिया था मगर उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। मुख्यमंत्री ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

गोपालगंज जिला से आयी एक महिला ने मुख्यमंत्री से फरियाद करते हुए कहा कि कुछ दबंगों द्वारा इनके परिवार के लोगों की इज्जत लूटने का प्रयास किया जाता है, विरोध करने पर आए दिन मारपीट करता है। गोपालगंज जिला से आए एक अन्य युवक ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरे पिताजी की भू–माफियाओं द्वारा हत्या कर दी गई। हमेशा कुछ अनजान लोग हमारे यहां आते हैं और दबाव बनाते हुए कहते हैं कि केस को उठा लीजिए नहीं तो जो आपके पिताजी का हश्र हुआ था वही हश्र आपका भी होगा। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

समस्तीपुर जिला से आयी एक महिला ने गुहार लगाते हुए कहा कि मेरे पति की हत्या कर दी गई और अब तक अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। केस नहीं उठाने पर मुझे भी जान से मारने की धमकी दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

भोजपुर जिला से आए एक पिता ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि उनकी पुत्री की शादी हुई। दहेज को लेकर आए दिन उसके साथ मारपीट किया जाता रहा और अब मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया गया है। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को जांचकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

समस्तीपुर जिला से आयी एक मां ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरा बेटा शराब नहीं पीता था, उसको गोतिया में लोगों ने शराब पिलाकर मेरी जमीन को अपने नाम चढ़वा लिया है। मैं अपनी बेटी के यहां गुजर बसर कर रही हूं। मुख्यमंत्री ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम में वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री श्री आलोक कुमार मेहता, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री श्री सुनील कुमार, खान एवं भू–तत्व मंत्री डॉ0 रामानंद यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक श्री एस0के0 सिंघल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह तथा वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मानवजीत सिंह ढिल्लो उपस्थित थे।

******